Patrika (Indore), 01st August 2023, Page - 03

वॉल्वो-आयशर के साथ हुआ एमओयू

# कंपनी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देगा आइआइटी



इंदौर @ पत्रिका. विज्ञान से जुड़ी जानकारी के आदान-प्रदान को आसान बनाने के लिए आइआइटी इंदौर ने वॉल्वो-आयशर कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के साथ पांच साल के लिए एमओयू साइन किया है। इस समझौता ज्ञापन पर आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास एस. जोशी और मुख्य परिचालन अधिकारी रजिंदर सिंह सचदेवा ने हस्ताक्षर किए हैं। प्रो. जोशी ने कहा कि इस समझौते से वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारी के आदान-प्रदान के साथ ही वीइसीवी कर्मचारियों के प्रशिक्षण, आइआइटी के छात्रों की इंटर्नशिप संयुक्त कार्यशालाओं, अनुसंधान और परामर्श परियोजनाओं में भी मदद करेगा। पहले साल के तीन महीनों में वीइसीवी के कर्मचारी ऑनलाइन एमटेक पाठ्यक्रम को पूरा करेंगे।